हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, सोमवार 26 जनवरी 2026

9 सहस्त्र चंडी महायज्ञ और श्रीराम कथा में बड़ी तादाद...



10 मतदान लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकतः एसडीएम



### महेंद्रगढ़ का रात्रि तापमान 1.9 डिग्री, नारनौल का 2.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज

# प्रदेश में सबसे ठंडा रहा महेंद्रगढ़ जमाव बिंदु के करीब पहुंचा पारा

**उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर बर्फबारी का सिलसिला जारी है। जिससे मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली के साथ जिले में हाड़कंपा देने वाली ठंड का प्रहार भी देखने को मिल रहा है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हाड़ कंपाने वाली ठंड बढ़ने से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। स्कूल जाने वाले बच्चों व बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह के समय पानी की टंकियों से बर्फ के समान ठंडा पानी आ रहा है, जिससे दैनिक कार्यों में भी दिक्कतें बढ़ गई हैं। ऐसे में आमजन को अत्यधिक सर्दी से बचाव के लिए सतर्क रहने, गर्म कपड़े पहनने व अनावश्यक रूप से खुले में देर तक न रहने की सलाह दी जाती है।

बता दें कि उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर बर्फबारी का सिलसिला जारी है। जिससे मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली के साथ जिले में हाड़कंपा देने वाली ठंड का प्रहार भी देखने को मिल रहा है। जिसकी वजह से सम्पूर्ण इलाके में दिन व रात के तापमान लुढ़क गए हैं। कुछ स्थानों पर शीतलहर व पाला जमने की गतिविधियों के साथ शीतलहर की स्थिति देखने को मिल रही है। हालांकि शनिवार को कमजोर पश्चिमी विक्षोभ से आंशिक बादल की वजह से कुछ स्थानों पर रात्रि तापमान में हल्की बढ़त देखने को मिली, लेकिन सम्पूर्ण इलाके में विंड चिल्ड फेक्टर बना हुआ है। वही दिन में सूर्य देव की चमकदार धूप खिली रहने के बाबजूद आमजन कांपने को मजबूर हैं। तेज सर्द हवाओं के कारण दिनभर घरों से बाहर निकलना मुश्किल बना रहा।

जिले में रविवार को सुबह ग्रामीण इलाकों में खुले मैदानों, खेत खलिहानों, खुले में खड़े वाहनों, घास-फूस व चारे के ढेर पर बर्फ की परत जमी मिली। जिससे सर्दी की तीव्रता व आक्रामकता का अंदाजा लगाया जा सकता है। हरियाणा एनसीआर दिल्ली में सबसे ज्यादा ठंडी रात महेंद्रगढ़ 1.9 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रथम, नारनौल 2.6 डिग्री सेल्सियस के साथ द्वितीय व 3.2 डिग्री सेल्सियस के साथ सिरसा तृतीय स्थान दर्ज किया गया है।



कनीना। गुढ़ा गांव में जमा पाला। फोटो : हरिभूमि

### सूखा पाला जमने से सरसों की फसल में नुकसान की संभावना

**कनीना।** बीते शुक्रवार को क्षेत्र में रूक रूक कर हुई बारिश तथा पहाड़ी क्षेत्र में हुई बर्फबारी के चलते सामान्य जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। रात्रि का तापमान दो डिग्री व दिन का तापमान 12 डिग्री दर्ज किया गया। क्षेत्र में लगातार दूसरे दिन सूखा पाला जमने से सरसों की फसल में नुकसान की संभावना बनने लगी है। रविवार सुबह गुढ़स गांव में जमे पाले को लेकर किसान चिंतित हो गए। दूर तक बर्फबारी होने से फसल में भी नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। मौसम विभाग की ओर से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से 27 व 28 जनवरी को हल्की बारिश की संभावना जताई जा रही है। वहीं शीतलहर से भी इस माह छुटकारा मिलने की उम्मीद नहीं है। माना जा रहा है कि रबी फसल बिजाई के बाद हाल ही में पहली हल्की बरसात हुई है, जिससे मौसम में ठंडक बनी है। विकास खंड में करीब 33 हजार हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि में से करीब 18 हजार हेक्टेयर भूमि पर सरसों व करीब नौ हजार हेक्टेयर भूमि पर गेहूं की बिजाई की गई है। शेष रक्बे में आलू, मटर, गाजर, मूली, हरी मिर्च, चना, जौ व हरा चारा की पैदावार की गई है। कृषि विभाग के एसडीओ अजय सिंह ने बताया कि बारिश के चलते क्षेत्र में दिन व रात्रि के तापमान में गिरावट आई है।

### जिले में शीतलहर का दौर जारी

*मौसम विशेषज्ञ डॉ. चन्द्र मोहन ने बताया कि जिले में शीतलहर का दौर लगातार जारी है। रात्रि में चली तेज बर्फिली ठंडी हवाओं के कारण तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। जिले में आसपास के नहरी क्षेत्रों में खुले में खड़े वाहनों, खेतों व घास-फूस पर पाला जमने का सिलसिला बना हुआ है। दिनभर बर्फिली हवाएं चलने से कड़ाके की ठंड व शीतलहर के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जिले में नारनौल व महेंद्रगढ़ में दिन तथा रात का तापमान सामान्य से नीचे बने रहे। नारनौल व महेंद्रगढ़ में दिन तथा रात के तापमान क्रमशः 16.0, 2.6 डिग्री सेल्सियस तथा 16.4, 1.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।*

### उपमंडल स्तर पर महेंद्रगढ़ और कनीना में फहराएंगे तिरंगा

# जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह नारनौल में आज

- जिला स्तरीय समारोह में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह फहराएंगे तिरंगा
- महेंद्रगढ़ में विधायक ओमप्रकाश यादव, कनीना में विधायक कंवर सिंह यादव व नांगल चौधरी में एनआईटी फरीदाबाद के विधायक सतीश कुमार फागणा होंगे मुख्य अतिथि



नारनौल। समारोह की तैयारियों में लगे कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिले में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार के मार्गदर्शन में सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर ली गई है। आईटीआई मैदान में होने वाले जिला स्तरीय समारोह में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचेंगे तथा राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। महेंद्रगढ़ में उप मंडल स्तरीय समारोह में पूर्व मंत्री एवं नारनौल के विधायक ओमप्रकाश यादव, कनीना में महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव व नांगल चौधरी में एनआईटी फरीदाबाद के विधायक सतीश फागणा राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इन सभी कार्यक्रमों के लिए जिला प्रशासन की ओर से सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर ली गई है।

### समारोह व समय

गणतंत्र दिवस समारोह की शुरुआत प्रातः 09:58 बजे मुख्य अतिथि के आगमन के साथ होगी। इसके ठीक बाद 10 से 10:02 बजे तक ध्वजारोहण और राष्ट्रधुन बजाई जाएगी। कार्यक्रम की अगली कड़ी में 10:02 से 10:10 बजे तक मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया जाएगा। जिसके बाद 10:10 से 10:25 बजे तक उनका संबोधन होगा। वही 10:25 से 10:35 बजे तक मार्च पास्ट, 10:35 से 10:40 बजे तक पीटी शो और 10:40 से 11 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। अंत में 11 से 11:20 बजे तक झांकियों का प्रदर्शन और 11:20 से 11:30 बजे तक पुरस्कार वितरण के बाद राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा।

### मार्च पास्ट में दिखेगा अनुशासन का संगम

समारोह के मुख्य आकर्षण मार्च पास्ट में कुल 10 टुकड़ियां अपने अनुशासन का परिचय देंगी। इसमें पुलिस प्लैटून पुरुष व महिला के साथ साथ होमगार्ड प्लैटून अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। युवाओं और बच्चों की भागीदारी के रूप में एनसीसी लड़के व लड़कियां, रेडक्रॉस ब्रिगेड, स्काउट प्लैटून, गाइड प्लैटून, कब प्लैटून और बुलबुल प्लैटून की एक एक टुकड़ी कदमताल करते हुए मुख्य अतिथि को सलामी देगी।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बिखरेगी लोक कला व देशभक्ति की छटा

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान एसडी ककराला की ओर से हरियाणा एक हरियाणवी एक बोल पर हरियाणवी लोक नृत्य पेश किया जाएगा। गुरु द्रोणाचार्य स्कूल ढाणी किरारोद के छात्र संदेशे आते हैं गीत पर देशभक्ति नृत्य करेंगे, जबकि पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राएं ओर रंग देश पर राजस्थानी लोक नृत्य की प्रस्तुति देंगी। संतोष मेमोरियल स्कूल के मूक बधिर बच्चे हम लोगों को समझ सको तो सामूहिक गान पेश करेंगे। एमआर मित्रपुरा द्वारा वन्देमातरम और यदुवंशी शिक्षा निकेतन द्वारा झांसी की रानी पर देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए जाएंगे। राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय द्वारा जय जय हमारा हरियाणा पर लोक नृत्य पेश किया जाएगा। एमआर अटेली द्वारा पीटी शो से पहले सारे जहां से अच्छा की प्रस्तुति होगी और सीएल पब्लिक स्कूल द्वारा राष्ट्रगान गाया जाएगा।

# पत्रकार पर हमला मामला, आपसी पारिवारिक विवाद निकली वजह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

- पांच आरोपित गिरफ्तार, वारदात में प्रयोग की गई गाड़ी बरामद

पुलिस ने शास्त्री नगर में पत्रकार पर हुए हमले की गुत्थी को सुलझाते हुए बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के कड़े दिशानिर्देशों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने इस मामले में संलिप्त पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनसे वारदात में प्रयोग की गई गाड़ी भी बरामद कर ली है।

बता दें कि 18 जनवरी की शाम करीब 6:45 बजे पत्रकार बलवान शर्मा अपने शास्त्री नगर स्थित आवास पर मौजूद थे, तभी मुंह पर नकाब पहने कुछ युवकों ने घर में घुसकर हमला कर दिया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तुरंत भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। एसपी पूजा वशिष्ठ ने डीएसपी भारत भूषण के नेतृत्व में चार टीमों का गठन किया गया। मामले को सुलझाने के लिए पुलिस टीमों ने कड़ी मशक्कत की। जांच अधिकारियों ने घटनास्थल से डंप डेटा उठाया और इलाके के करीब सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला।



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो : हरिभूमि

### जांच में हुआ खुलासा

पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि यह हमला आपसी पारिवारिक विवाद को लेकर था। पत्रकार का उसके जीजा के साथ पुराना पारिवारिक विवाद चल रहा है। जहां एक तरफ शिकायतकर्ता की बहन ने अपने पति (शिकायतकर्ता के जीजा) के खिलाफ घरेलू हिंसा और खर्चे के लिए कोर्ट में डाला हुआ है। वहीं दूसरी तरफ जीजा ने भी इनके खिलाफ पैसों के लेनदेन को लेकर भिवानी कोर्ट में लाखों रुपये का सिविल सूट दायर किया हुआ है। इसी आपसी रंजिश के चलते इस वारदात को अंजाम दिया गया। शिकायतकर्ता के जीजा ने ही आरोपितों को रुपये देकर मारपीट करने व धमकाने के लिए भेजा था।

### वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगा रही फर्जी ट्रैफिक पुलिस को पकड़ा

- झज्जर के रहने वाले हैं पकड़े गए युवक, सदर पुलिस के किया हवाले, शेष की जांच जारी

**नारनौल।** आरटीए टीम ने खाकी वर्दी का रौब दिखाकर वाहनों को रिफ्लेक्टर लगाने की आड़ में नेशनल हाईवे-152 पर अवैध वसूली करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। एक गिरोह के कुछ युवक दुबलाना टोल के पास वाहनों को रोककर उन पर रिफ्लेक्टर लगाकर ड्राइवरों से रुपये वसूल रहे थे। इस काम में लगे युवक खुद को ट्रैफिक पुलिस का कर्मचारी बता रहे थे। क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) की टीम ने दो को दबोच लिया है, जबकि इनके तीन साथी चकमा देकर फरार होने में कामयाब रहे। आरटीए के ट्रांसपोर्ट इंस्पेक्टर बलबीर सिंह ने बताया कि उन्हें काफी समय से शिकायतें मिल रही थी। सूचना के आधार पर जब टीम ने दुबलाना टोल पर छापेमारी की तो वहां पांच युवक खाकी रंग के कपड़ों में मिले। हैरानी की बात थी कि इनमें से एक युवक ने नीले रंग की ट्रैफिक पुलिस वाली वर्दी पहन रखी थी, ताकि हाईवे से गुजरने वाले ड्राइवर उन्हें असली पुलिस समझकर रुक जाएं और कोई शक न करे। तीन आरोपित भागने में सफल रहे, जबकि दो युवकों को पकड़ लिया गया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे झज्जर जिले के बेरी क्षेत्र के पास स्थित दादया गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि उनका एक मुखिया है, जो उन्हें दिहाड़ी पर यह काम करवाता है और वसूली की रकम का बड़ा हिस्सा खुद रखता है।

### किसानों को खेतीबाड़ी करना हुआ मुश्किल

# नलवाटी-गुजरवाटी के गांवों में जोहड़ सूखने से बढ़ी परेशानी

- डॉर्कजोन की टेल पर नहरी पानी नहीं पहुंचने से ग्रामीणों में आक्रोश
- नहरी किसान संघर्ष समिति ने धरने प्रदर्शन का दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ निजामपुर

नलवाटी-गुजरवाटी के गांवों में जोहड़ों का पानी सूखने से पशुपालकों की परेशानी बढ़ गई। पेयजल के आभाव में ग्रामीणों को पशुपालन करना मुश्किल हो गया तथा सिंचाई के आभाव में कृषि योग्य जमीन बिजाई से वंचित रहने लगी है। समस्या से जिला प्रशासन की मार्फत सरकार को अवगत करवा दिया। इसके बावजूद स्थिति यथावत बनी हुई है। समाधान को लेकर नहरी पानी किसान संघर्ष समिति की बैठक प्रधान महावीर चंदेला की अध्यक्षता में हुई। जिसमें निजामपुर ब्लॉक को जरूरत के अनुसार नहरी पानी उपलब्ध कराने की गुहार लगाई। अन्यथा जिला मुखियालय पर धरने प्रदर्शन का अल्टीमेटम दिया है।

उन्होंने कहा कि नलवाटी के गांव घाटाशेर से बायल तथा मुकुंदपुरा से गोलवा तक नहर निर्माण के लिए नक्शा स्वीकृत हुआ था। जिससे निजामपुर ब्लॉक के 22 गांवों की टेल तक नहरी पानी पहुंचना था, लेकिन विभिन्न कारणों के चलते बजट स्वीकृत नहीं हुआ। पर्याप्त बारिश के आभाव में ग्रामीण जोहड़ सूख गए तथा 1500 गहराई तक बोरिंग कराने के बावजूद जलस्त्रोत नहीं मिलता। सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं होने से रबी सीजन में 70 फीसदी रकबे पर बिजाई नहीं हो पाती। ग्रामीणों को खाद्यान अनाज तथा चारा दूरदराज के गांवों से खरीदकर लाना पड़ता है। बीते साल सरकार ने कई गांवों के जोहड़ों को नहरों से जोड़ा गया था, लेकिन नलवाटी-गुजरवाटी के गांवों को सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिला।

उन्होंने सरकार ने नलवाटी के सभी गांवों को नहरों से जोड़ने की गुहार लगाई है। अन्यथा अगले महीने महापंचायत का आयोजन होगा। जिसमें सरकार के खिलाफ आंदोलन की रूपरेखा बनाई जाएगी। इस दौरान उन्होंने बसीरपुर गांव में लॉजिस्टिक हब के लिए खरीदी गई जमीन पर एतराज जताया है। उन्होंने कहा कि किसानों को गुमराह करके मनमर्जी भावों से जमीन खरीदी गई है, जिससे आर्थिक नुकसान हुआ है। सरकार को तुरंत प्रभाव से मार्केट भावों का आंकलन करके दुबारा मुआवजा निर्धारित करना चाहिए। बैठक में बनवारीलाल नंबरदार, लीलाराम, बिक्रम सिंह, श्यामसुंदर, जिलेसिंह, रामकिशन, घीसाराम, शीशराम मौजूद रहे।



निजामपुर। नहरी पानी के लिए बैठक करते संघर्ष समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि





# कुछ सफर रिलीज के साथ खत्म नहीं होते : अनिल

**मुंबई।** साल 2024 में फिल्म 'फाइटर' रिलीज हुई थी। ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण अभिनीत यह फिल्म गणतंत्र दिवस के मौके पर आई थी। इसमें अनिल कपूर भी अहम रोल में नजर आए थे। इसकी रिलीज को दो साल पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर अनिल कपूर पुरानी यादों में खो गए हैं। उनका कहना है कि इस फिल्म से जुड़ी यादें आज भी ताजा हैं। उन्होंने 'फाइटर' से कुछ फोटोज शेयर किए हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'दो साल बीत गए। 'फाइटर' अब भी ऊंची उड़ान पर है। पीछे मुड़कर देखने पर उन यादों के लिए बहुत शुक्रगुजार हूं, जो स्क्रीन बंद होने के बाद भी लंबे समय तक रहती हैं। कुछ सफर रिलीज के साथ खत्म नहीं होते।

लाइफ Style

# मौनी

## इवेंट में हुई छेड़छाड़ पर जताई नाराजगी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री मौनी रॉय को हाल ही में एक ऐसे घटनाक्रम का सामना करना पड़ा, जिसको लेकर उन्हें शर्मिंदगी महसूस हो रही है। इस मामले पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए कानूनी कार्रवाई की बात कही है। अभिनेत्री मौनी रॉय ने सोशल मीडिया पर एक लंबे पोस्ट में एक हैरान करने वाला खुलासा किया है।

एक्ट्रेस ने आरोप लगाया कि हाल ही में हरियाणा में हुए एक कार्यक्रम में कुछ बुजुर्ग पुरुषों ने उनके साथ छेड़छाड़ की। एक्ट्रेस इस हैरान कर देने वाले घटनाक्रम से सदमे में हैं और उन्हें भारी शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। मौनी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी साझा की है। मौनी ने इंस्टाग्राम पर दो स्टोरी साझा की हैं। इनमें उन्होंने लंबे नोट के साथ अपने साथ हुए हादसे का जिक्र किया है। एक्ट्रेस ने लिखा, 'पिछले दिनों करनाल में एक कार्यक्रम था और मेहमानों के व्यवहार से मैं बेहद निराश हूं। खासकर उन दो अंकल लोगों के व्यवहार से जो दादा-दादी की उम्र के हैं। जैसे ही कार्यक्रम शुरू हुआ और मैं मंच की ओर बढ़ी, अंकल और परिवार के सदस्यों सभी पुरुष ने तस्वीरें खींचने के लिए मेरी कमर पर हाथ रख दिया। जब मैंने कहा सर, कृपया अपना हाथ हटा लें, तो उन्हें यह बिल्कुल पसंद नहीं आया।' अभिनेत्री ने आगे बताया, 'मंच पर तो और भी बुरा हाल था। दो अंकल ठीक मेरे सामने खड़े हो गए और अश्लील टिप्पणियां करने लगे, मुझे अश्लील इशारे करने लगे और गालियां देने लगे। मुझे इसका एहसास हुआ और मैंने पहले तो विनम्रता से उन्हें ऐसा न करने का इशारा किया, जिस पर उन्होंने मुझ पर गुलाब फेंकना शुरू कर दिया।



हॉलीवुड मसाला




# लाइवली-टेलर ने जस्टिन पर बोला धावा

**लॉस एंजिल्स।** टेलर स्विफ्ट और ब्लेक लाइवली की निजी चैट लीक हो गई हैं, जिससे हॉलीवुड में एक नया विवाद खड़ा हो गया है। टेलर स्विफ्ट और ब्लैक लाइवली एक बार फिर सुर्खियों में हैं। वजह ये है कि दोनों की प्राइवेट चैट लीक हो गई है। इस तरह फिल्मी दुनिया में पर्दे के पीछे चल रहे विवाद एक बार फिर चर्चा का विषय बन गए हैं। हॉलीवुड की चर्चित फिल्म इट एंड्स विद अस से शुरू हुआ विवाद अब एक नया मोड़ ले चुका है। ब्लेक लाइवली और टेलर स्विफ्ट अभिनेता-निर्देशक जस्टिन बाल्डोनी से जुड़े हाई-प्रोफाइल कानूनी विवाद का हिस्सा बन गई हैं।



# हॉलीवुड की वो फिल्म जिसमें दिखी महाभारत की झलक

**लॉस एंजिल्स।** साल 2000 में हॉलीवुड में एक फिल्म आई जिसका नाम था 'द लीजेंड ऑफ बैगर वेंस'। इस फिल्म को बनाने के पीछे का उद्देश्य यूं तो आम सा था, लेकिन असल में फिल्म की कहानी कहीं और सो नहीं बल्कि 'महाभारत' से इंस्पायर्ड थी और फिल्म उस दौर में कल्ट क्लासिक बनी थी। फिल्म की कहानी है उस 'अर्जुन' के ऊपर आधारित थी, जो असल में अपने मन की एकाग्रता खो चुका है और फिर उसके जीवन में एक 'कृष्ण' की एंट्री होती है जो उसकी खोई हुई शक्तियों और उसके आत्मविश्वास को याद दिलाता है। विल स्मिथ और मैट डैमन की फिल्म 'द लीजेंड ऑफ बैगर वेंस' की इसी पर आधारित थी। फिल्म का बैकग्राउंड 1916 के सवाना यानि जॉर्जिया की पृष्ठभूमि पर आधारित था। यहीं पर रन्नुल्फ जूनह का किरदार निभाने वाले मैट डैमन एक समय के बेहतरीन गोल्फर हुआ करते थे, लेकिन प्रथम विश्व युद्ध के सदमे ने उसे अंदर से तोड़ दिया।



# सिनेमाघर पहुंचकर बोला भारत माता की जय

**मुंबई।** सिनेमाघरों में 23 जनवरी से वॉर ड्रामा फिल्म 'बॉर्डर 2' चल रही है। दर्शक इसे खूब प्यार दे रहे हैं। पहले और दूसरे दिन फिल्म ने अच्छी कमाई की। इस फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी हैं। सभी कलाकार अपने-अपने हिसाब से दर्शकों का आभार जता रहे हैं। इसी कड़ी में वरुण धवन एक सिनेमाघर में पहुंचे और दर्शकों से बातचीत की। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि वरुण धवन उस सिनेमाघर में पहुंचे जहां फिल्म 'बॉर्डर 2' चल रही थी। वह जैसे ही यहां पहुंचे सिनेमाघर तेज आवाज और सीटियों से गूंज उठा। वरुण धवन ने दर्शकों से पूछा, 'आप लोगों को फिल्म कैसी लग रही है?' इस पर दर्शकों ने जवाब दिया 'बहुत अच्छी लग रही है।' इसके बाद उन्होंने जोर से भारत माता की जय बोला।



# किंग का दमदार टीजर किया जारी...

**मुंबई।** इस बार क्रिसमस का त्योहार शाहरुख खान के नाम होने वाला है। 'किंग' के टीजर में शाहरुख खान के किरदार का लुक भी सामने आया है। साथ ही फिल्म की कहानी की भी झलक मिली है। शाहरुख खान ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में 'किंग' का दमदार टीजर शेयर किया। साथ ही कैप्शन में लिखा, 'फिल्म 'किंग' 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में दहाड़ने के लिए तैयार है।' किंग खान की इस पोस्ट को फैंस ने भी लाइक किया है। वह अपने पसंदीदा एक्टर की फिल्म देखने के लिए एक्साइटेड हैं। फिल्म 'किंग' के टीजर में शाहरुख खान का किरदार पहले एक पहाड़ की चोटी पर नजर आता है। फिर अचानक जोर से चींखता है। इसके बाद एक कांच की छत को तोड़ते हुए शाहरुख का किरदार सामने आता है। वह खून से लथपथ नजर आता है।

टीवी मसाला



# कॉमेडी नाइट्स शो छोड़ने का नहीं है कोई मलाल : उपासना

**नई दिल्ली।** कॉमेडी नाइट्स विद कपिल की सबसे पॉपुलर एक्ट्रेस उपासना सिंह को आज भी लोग पिंकी बुआ के नाम से याद करते हैं। उन्होंने कपिल का शो छोड़ने के बरसों बाद अपनी खामोशी तोड़ी है। अक्सर उनके और कपिल के बीच अनबन की खबरें उड़ती रहती हैं, लेकिन उपासना ने इन सबको अफवाह करार दिया है। उन्होंने बेहद शालीनता से कहा कि उनके मन में शो छोड़ने को लेकर कोई दुख या मलाल नहीं है। उपासना ने पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि कपिल आज भी उनके छोटे भाई जैसे हैं। फिलहाल वह पंजाबी फिल्मों में काफी बिजी हैं। एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि वह सिर्फ एक्टिंग ही नहीं, बल्कि सिने एंड टीवी आर्टिस्ट एसोसिएशन की जनरल सेक्रेटरी के तौर पर भी बड़ी जिम्मेदारी निभा रही हैं। उन्होंने कलाकारों की पेमेंट समय पर दिलाने और काम के घंटे तय करने जैसे जरूरी मुद्दों पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'जब हमने ढाई साल एक साथ काम किया था। बहुत प्यारे दिन थे और मेरा किरदार पिंकी बुआ बहुत पसंद किया गया था, जैसे फिल्म 'जुदाई' का 'अब्बा, जब्बा, डब्बा'वाला किरदार फेमस हुआ था।' उपासना सिंह ने कहा, 'मैं कपिल और सारी टीम के लिए बहुत खुश हूं और मेरे मन में कोई दुख नहीं है कि मैं अब शो का हिस्सा नहीं हूं। मेरा मानना है कि जब तक भगवान ने मेरा काम वहां लिखा था, मैंने किया। मेरा और कपिल का कोई झगड़ा नहीं है।

## परिवार की मौत का बदला ही नहीं देश की रक्षा भी बना मकसद

**नई दिल्ली।** हाल ही में सीरियल 'नागिन 7' शुरू हुआ है। सीरियल में प्रियंका चाहर चौधरी लीड रोल में हैं। जल्द ही आम लड़की पूर्वी नागिन बनकर अपने परिवार की मौत का बदला लेगी। साथ ही सीरियल में वह देश की रक्षा भी करेगी। नाग मणि पान के लिए कुछ लोगों ने मिलकर पूर्वी के परिवार को मार डाला। अब वह अपना नागिन का रूप पहचान चुकी है। उसका एक ही मकसद रह गया है, अपने परिवार की मौत का बदला। उसे हत्यारों के घर में एंट्री ली है। वह एक-एक करके उन लोगों को मारेगी, जो उसके परिवार की मौत के जिम्मेदार हैं। साथ ही यही लोग देश को नुकसान भी पहुंचाने वाले हैं। ऐसे में पूर्वी नागिन बनकर, सभी बुरे लोगों का खात्मा करेगी। दूसरे हफ्ते की टीआरपी रेटिंग में सीरियल 'नागिन 7' को तीसरा स्थान मिला है।



# शहीद निर्मलजीत सिंह के परिवार से मिले सनी देओल

**मुंबई।** इन दिनों फिल्म 'बॉर्डर 2' सिनेमाघरों में लगी हुई है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ ने भारतीय वायुसेना के परमवीर चक्र विजेता शहीद निर्मलजीत सिंह सेखों का किरदार अदा किया है। सनी देओल ने हाल ही में निर्मलजीत सिंह के परिवार से मुलाकात की। फिल्म 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इसमें सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी और वरुण धवन जैसे सितारे नजर आए हैं। यह फिल्म साल 1971 के भारत-पाक युद्ध पर आधारित है। फिल्म में दिखाया गया है कि हमारी जल, थल और वायुसेना ने किस बहादुरी से दुश्मनों के छक्के छुड़ाए थे। फिल्म में दिलजीत दोसांझ ने 1971 युद्ध के हीरो शहीद निर्मलजीत सिंह सेखों की भूमिका निभाई है। सनी देओल हाल ही में निर्मलजीत सिंह के परिवार से मिले। सनी देओल ने आज रविवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें अभिनेता निर्मलजीत सिंह के परिवार के सदस्य के साथ नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'हमारे हीरो परमवीर चक्र फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों के परिवार से मिलना मेरे लिए खुशी की बात थी। फिल्म 'बॉर्डर 2' में इनका रोल दिलजीत दोसांझ कर रहे हैं, जिनकी बेमिसाल बहादुरी की सच्ची कहानी आप फिल्म में देखेंगे। उनके परिवार से मिलना बहुत अच्छा और यादगार था'। निर्मलजीत सिंह सेखों ने 1971 के युद्ध में श्रीनगर एयरफील्ड पर पाकिस्तानी जेट हमलों का अकेले मुकाबला किया था। उन्होंने पाकिस्तान के छह फाइटर जेट खदेड़कर भारत माता की सुरक्षा की थी। महज 26 वर्ष की आयु में उन्होंने देश के लिए प्राण नौछावर कर दिए।



# ये हैं संविधान की अहमियत बताने वाली फिल्में

## मुल्क से लेकर जय भीम तक, संविधान का महत्व समझाती कहानियां

**नई दिल्ली।** आज हर देशवासी 77वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। यह दिन हमें संविधान की अहमियत समझाता है। संविधान हर भारतीय नागरिक के जीवन को कैसे सशक्त बनाता है। हमें हमारे अधिकारों से संविधान परिचित करवाता है। इस अवसर पर आप ऐसी कुछ चर्चित फिल्में भी देख सकते हैं, जो संविधान का महत्व समझाती हैं। कैसे संविधान से एक नागरिक का जीवन बदलता है, उसकी झलक इन फिल्मों की कहानियों में नजर आती है।

***मुल्क*** : ऋषि कपूर स्टारर की फिल्म 'मुल्क' 2019 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में एक अल्पसंख्यक परिवार की कहानी थी, सामाजिक भेदभाव, उत्पीड़न का शिकार होता है। ऐसे में यह परिवार कोर्ट का दरवाजा खटखटाता है। इस परिवार की बहू जो पेशे से वकील है, संविधान के आर्टिकल 15 के तहत अपने हक के लिए केस लड़ती है। संविधान का आर्टिकल 15 राज्य में धर्म, जाति, धर्म, लिंग या जन्मस्थान के आधार पर नागरिकों के बीच भेदभाव को रोकता है।

***आर्टिकल 15*** : अनुभव सिन्हा ने ही एक फिल्म 'आर्टिकल 15' बनाई थी। यह फिल्म भी आम नागरिक को उसे हक के बारे में जागरुक करती है। इस फिल्म में लीड रोल में आयुषमान खुराना थे। फिल्म की कहानी में तीन लड़कियों का अपहरण हो जाता है। इस केस के लिए जब आयुषमान खुराना पुलिस ऑफिसर बनकर जांच करते हैं तो मामला 'आर्टिकल 15' के हनन का निकलता है।

***जय भीम*** : साल 2021 में रिलीज हुई फिल्म 'जय भीम' में भी सामाजिक भेदभाव की कहानी थी। यह तमिल लीगल ड्रामा फिल्म 1993 में हुई एक असल घटना पर आधारित थी। 'जय भीम' को एक्टर सूर्या और एक्ट्रेस ज्योतिका ने प्रोड्यूस किया था। फिल्म में एडवोकेट चंद्रू का किरदार सूर्या ने निभाया था, वह इरुलर कबीले के हकों के लिए कानून का दरवाजा खटखटाते हैं। यह फिल्म संविधान के 'आर्टिकल 17' का महत्व बताती हैं। संविधान के इस अनुच्छेद के अनुसार छुआछात गैरकानूनी है।

**न्यूटन** : साल 2017 में रिलीज हुई राजकुमार राव स्टारर फिल्म 'न्यूटन' की कहानी भी नागरिकों वोट देने के उनके मौलिक अधिकारों से अवगत कराती है। संविधान हर नागरिक को वोट देने का अधिकार देता है। इस फिल्म की कहानी में राजकुमार राव एक सरकारी कर्मचारी है, जिसे छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाके में वोटिंग करवाने की जिम्मेदारी मिलती है।



## सिनेमा के हर दौर में एक ऐसी देशभक्ति फिल्म आई जो दिलों को छू गई

# इन देशभक्ति गानों को सुनकर जोश से भर जाता है हर भारतीय

***नई दिल्ली।*** *गणतंत्र दिवस के दिन हर किसी के अंदर देशभक्ति की भावना देखने को मिलती है। इसके साथ ही हर तरफ आपको कुछ ऐसे गाने सुनने को मिलेंगे जो सालों से चले आ रहे और उन्हें सुनकर देशभक्ति का जोश लोगों के अंदर जग जाता है। बॉलीवुड ने कई देशभक्ति फिल्में बनाई हैं और उनके गाने आज भी लोग पूरे दिल से सुनते हैं। हिंदी सिनेमा के हर दौर में एक ऐसी देशभक्ति फिल्म आई जो लोगों को दिलों को छू गई। उन्हीं फिल्मों में कई ऐसे गाने रहे जिन्हें लोगों ने खूब पसंद किया।*

### छोड़ो कल की बातें

1960 में रिलीज हुई फिल्म हम हिंदुस्तानी का ये गाना है। फिल्म में सुनील दत्त, आशा पारेख, संजीव कुमार और जॉय मुखर्जी जैसे कलाकार नजर आए थे। 'छोड़ो कल की बातें'गाना सुनील दत्त पर फिल्माया गया था, जबकि इस गाने को मुकेश ने गाया था। गाने के बोल प्रेम धवन ने लिखे थे और इसका म्यूजिक उशा खन्ना ने तैयार किया था। ये एक बेहतरीन देशभक्ति फिल्म थी जो उस साल की हिट फिल्मों में से एक थी।

### भारत का रहने वाला हूं

1970 में रिलीज हुई फिल्म पूरब और पश्चिम मनोज कुमार ने ही बनाई थी। फिल्म में मनोज कुमार ही लीड रोल में नजर आए थे और उनके अपोजिट सायरा बानो नजर आई थीं। ये एक सुपरहिट फिल्म थी और फिल्म में प्राण, अशोक कुमार, निरुपा रॉय, प्रेम चोपड़ा जैसे कलाकार भी अहम किरदारों में थे। 'भारत का रहने वाला हूं' गाना सदाबहार बन गया था। इस गाने को महेंद्र कपूर ने गाया था, जबकि गाना मनोज कुमार पर ही फिल्माया गया था। इस गाने का म्यूजिक कल्याणजी आनंदजी ने तैयार किया था और इसके बोल इंद्रवर ने लिखे थे।



### आई लव माई इंडिया

1997 में रिलीज हुई फिल्म परदेश के डायरेक्टर-प्रोड्यूसर सुभाष घई थे। फिल्म में शाहरुख खान, महिमा चौधरी, अपूर्व अग्निहोत्री, अमरीश पुरी और आलोक नाथ अहम किरदारों में नजर आए थे। 'आई लव माई इंडिया'गाना उसी फिल्म का है जिसे आज भी लोग शान के साथ सुनते हैं। इस गाने को हरिहरण, कविता कृष्णमुर्ति, शंकर महादेवन, आदित्य नारायण ने गाया था। गाने का म्यूजिक नदीम-श्रवण ने तैयार किया था और बोल आनंद बख्शी ने लिखे थे।

### संदेशे आते हैं

1997 में रिलीज हुई फिल्म बॉर्डर को जेपी दत्ता ने बनाया था। फिल्म में सनी देओल, जैकी श्रॉफ, सुनील दत्त, अक्षय खन्ना जैसे कलाकार अहम किरदारों में नजर आए थे। ये उस साल की ब्लॉकबस्टर फिल्म थी जिसका दूसरा पार्ट 2026 में रिलीज होगा।'संदेश आते हैं' गाना उसी फिल्म का है और आज भी पसंद किया जाता है। इस गाने को सोनू निगम और रूप कुमार राठौड़ ने गाया था।

### ऐ मेरे वतन के लोगों

दिवंगत सिंगर लता मंगेशकर का ये गाना किसी फिल्म का नहीं है। उन्होंने लाइव ये गाना गाया था और बताया जाता है पहली बार जब उन्होंने ये गाना गाया तब ऑडियंस में बैठे सभी लोगों की आंखों में आंसू आ गए थे। उन लोगों में उस दौर के पीएम स्वर्गीय जवाहर लाल नेहरू भी थे, जिनकी आंखें भर आई थीं। इस गाने को आज भी लोग सुनते हैं और इमोशनल हो जाते हैं। लता मंगेशकर जब भी लाइव कॉन्सर्ट करती थीं, तब ये गाना पब्लिक डिमांड पर वो सुनाती थीं।

### मेरा मुल्क मेरा देश

1996 में रिलीज हुई फिल्म दिलजले के डायरेक्टर हैरी बावेजा थे। फिल्म में अजय देवगन और सोनाली बेंद्रे लीड रोल में थे। फिल्म में ये गाना तीन बार दिखाया गया था और आज भी लोग इस गाने को खास दिनों में सुनते हैं।'मेरा मुल्क मेरा देश' गाना कुमार सानू और आदित्य नारायण के साथ अलका यागनिक ने गाया था। गाने के बोल जावेद अख्तर ने लिखे थे जबकि इसका म्यूजिक अनु मलिक ने तैयार किया था।

## रामभद्राचार्य ने दूसरे दिन सुनाई भगवान श्रीराम के जन्म की कथा

# सहस्त्र चंडी महायज्ञ और श्रीराम कथा में बड़ी तादाद में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

जोरासी में 151 कुंडीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ व श्रीराम कथा के दूसरे दिन जोरासी धाम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण श्रीराम कथा सुनने के लिए पहुंचे। दूसरे दिन मंच पर सर्वप्रथम जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य का आर्यवर्त सेवा न्यास के संस्थापक विनीत पिलानिया परिवार ने पूजन एवं स्वागत सत्कार किया। उनके साथ विनीत पिलानिया के गुरु पश्चिम पीठाधीश्वर शेष मठ सिंगडा कौशलेंद्र मठ, पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी, वैदेही वल्लभ देवाचार्य महारा, जौधपुर भी मंच पर मौजूद रहे। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के पूर्व अध्यक्ष धर्म सम्राट महंत ज्ञानदास महाराज, हनुमानगढ़ी अयोध्या के उत्तराधिकारी महंत संजय दास एवं महंत हेमंत दास महाराज, पातालपुरी पीठाधीश्वर अनंत विभूषित श्रीमद जगद्गुरु नरहरियानंद, बालक देवाचार्य महाराज काशी एवं उनके साथ महंत शिव दास महाराज रामेश्वरम एवं काशी, मुंबई, महंत जगदीश्वर दास महाराज नोएडा, महंत अवध किशोर दास महाराज काशी मौजूद रहे।



नारनौल। जगद्गुरु रामभद्राचार्य से आशीर्वाद लेते मंत्री राव नरवीर सिंह। फोटो: हरिभूमि

श्रीराम कथा के दूसरे दिन जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने भगवान राम के जन्म का सुंदर गुणगान किया। वहीं पंडाल में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रीराम कथा का आनंद उठाया। रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास ने कहा कि आर्यावर्त सेवा न्यास के संस्थापक विनीत पिलानिया ने आज में फिर से मानो कुंभ लगा दिया है। कथा के दूसरे दिन हरियाणा के कैबिनेट मंत्री राव नरवीर सिंह पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए परम सौभाग्य का विषय है कि जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य के पुण्य चरण इस इलाके में पड़े। कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा विधायक ओमप्रकाश यादव ने कहा कि यहां शुद्ध रूप से श्रीराम कथा का प्रवचन हो रहा है। यह इलाके का सौभाग्य है कि क्षेत्र के अंदर इस भव्य कार्यक्रम के लिए इस जगह को चुना गया। यह भी भगवान की विशेष कृपा है कि हमारे लोग यही इस स्थान पर बैठ कर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य के मुखारविंद से श्रीराम कथा को सुन पा रहे हैं। इस मौके पर लोकसभा सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व चेयरमैन गोविंद भारद्वाज, पूर्व विधायक सीताराम यादव, पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव, पूर्व मंत्री कैलाश शर्मा, पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा, वैद्यकिशन वशिष्ठ, नरेंद्र झिमरिया आदि मौजूद रहे।

### गायिका रजनी राजस्थानी के भजनों पर भी झूमे श्रद्धालु

श्रीराम कथा के बाद श्रद्धालुओं ने जयपुर से पहुंची प्रसिद्ध गायिका रजनी राजस्थानी के भजनों का भी जमकर आनंद उठाया। रजनी राजस्थानी के भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। श्रीराम कथा के दूसरे दिन आयोजक मंडल की तरफ से लोगों की परेशानियों को देखते हुए विशेष प्रबंध किए गए थे। जिसके बाद लोगों को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने में किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। इस कदम के बाद बड़ी तादाद में श्रद्धालु श्रीराम कथा सुनने के लिए पहुंचे।

## इनसो की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

कनीना में इनसो की बैठक का आयोजन रविवार को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष दीपक मलिक ने छात्रों व कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने केंद्रीय विश्वविद्यालयए जाट पाली में होने वाले समारोह को लेकर विचार विमर्श किया और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी। इस समारोह में युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला शिरकत करेंगे। बैठक की अध्यक्षता बीडीसी सदस्य व छात्र नेता महीपाल नंबरदार बागोत ने की। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता अनमोल गुप्ता, युवा जिलाध्यक्ष सचिन, रमेश कुमार, अभिषेक कुराहवटा, ईश्वर तंवर, हितेश शर्मा, हैप्पी तंवर, योगी आदलपुर, जयवीर उन्हानी, कुलदीप जांगड़ा आदि मौजूद थे।















### राजकीय महिला कॉलेज में मनाया 16वां जिलास्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह

# मतदान लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत: एसडीएम अनिरुद्ध यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नागरिकों को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति सचेत करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन कार्यालय व माय भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय महिला महाविद्यालय में 16वां जिला स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया। कार्यक्रम में एसडीएम अनिरुद्ध यादव मुख्य अतिथि थे। उन्होंने उपस्थितों को मतदाता शपथ भी दिलाई। समारोह को संबोधित करते हुए एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने कहा कि भारतीय प्रजातंत्र दुनिया का सबसे जीवंत और मजबूत लोकतंत्र है। इसकी नींव केवल जागरूक मतदाताओं पर टिकी है। जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव ने पदयात्रा के विषय पर कहा कि मतदान के प्रति जागरूकता ही मजबूत लोकतंत्र की आधारशिला है और माय भारत अभियान युवाओं को इस दिशा में निरंतर प्रेरित कर रहा है। मंच संचालन डॉ. सुमन यादव ने किया।



नारनौल। कार्यक्रम में एसडीएम अनिरुद्ध यादव व छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

तहसीलदार चुनाव सुरेंद्र सिंह, सहायक नीरज यादव, चुनाव कानूनगो पूनम, सुनील, यशपाल, नरेश यादव, सतपाल, हंसराज गुर्जर आदि मौजूद थे।

**मतदाता दिवस पर शॉर्ट फिल्म प्रेरणा रिलीज**

राजकीय महिला महाविद्यालय में एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने शॉर्ट फिल्म प्रेरणा का विमोचन किया। डॉ. सुशील शीलू द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक किसान परिवार की लड़की के संघर्ष और मतदान के प्रति सामाजिक चेतना की कहानी है।

**विजेताओं को किया सम्मानित**

इस कार्यक्रम में एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। समारोह के दौरान कोई मतदाता पीछे न छूटे विषय पर आधारित कॉलेज व स्कूल स्तर की प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए। कॉलेज स्तर की निबंध लेखन प्रतियोगिता में आरपीएस डिग्री कॉलेज बलाना की कुमकुम शर्मा प्रथम, राजकीय महिला महाविद्यालय की पलक द्वितीय, इसी कॉलेज की जश्नदीप कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में राजकीय कॉलेज नांगल चौधरी की पलक प्रथम, राजकीय महिला कॉलेज की जश्नदीप द्वितीय व आरपीएस डिग्री कॉलेज महेंद्रगढ़ की सलोनी तृतीय स्थान पर रही। रंगोली प्रतियोगिता में राजकीय महिला कॉलेज की कल्पना प्रथम, आरपीएस कॉलेज बलाना की कोमल द्वितीय व राजकीय महिला कॉलेज की तमन्ना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**प्रतियोगिताएं**

निबंध लेखन में एमएएसडी के मनविंद्र व प्रताप सिंह ने प्रथम, राजवंशी एसएसएस दोचाना की दीपिका द्वितीय, आरपीएस सुराणा का गर्वित यादव तृतीय स्थान पर रहा। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में निवाजनगर की प्रिया प्रथम, राजकीय स्कूल कोरियावास की खुशबू द्वितीय व हिमांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पाली की खुशी ने प्रथम, बवानिया का विशाल द्वितीय व हुडीना की अंजलि ने तृतीय स्थान हासिल किया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जन्मदिन

# सीएम का जीवन संघर्ष व सेवा की मिसाल



नारनौल। सीएम नायब सिंह सैनी के जन्मदिन पर केक काटते सांसद। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जन्मदिन राजा गार्डन में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः हवन यज्ञ से हुई। जिसमें मुख्यमंत्री की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य व प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की गई। हवन उपरांत केक काटने का कार्यक्रम संपन्न हुआ। सैनी सभा प्रधान बिशन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सादगी, ईमानदारी और जनसेवा के प्रतीक हैं। नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जीवन संघर्ष व सेवा की मिसाल है। पूर्व चेयरपर्सन एवं भाजपा महिला जिला अध्यक्ष भारती सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उनकी नीतियों से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन आया है।

इस मौके पर सांसद चौधरी धर्मवीर, विधायक ओमप्रकाश यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव, पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव, पूर्व विधायक सीताराम यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, पूर्व प्रदेश सचिव मनीष मित्तल, जिला महामंत्री किशन बोहरा, कैलाश सैनी, सैनी सभा उप प्रधान रोहताश सैनी, मार्केट कमेटी अध्यक्ष बाबूलाल यादव, डॉ. अनिल सैनी, शिवदत्त सैनी, नगर परिषद उप प्रधान संजीव यादव, डॉ. मदन सैनी, ग्रीवेंस कमेटी की सदस्य लक्ष्मी देवी, सैनी सभा महासचिव निहाल सैनी, कोषाध्यक्ष बलवंत सैनी, पूर्व महासचिव केसरी नंदन सैनी, सैनी आश्रम प्रधान ओपी सैनी, रामजीलाल सैनी, जगदीश पासी, विजय, जगदीश दीवान, बालकिशन, मुखराम सैनी आदि मौजूद थे।

## सीएम के जन्मदिन पर 400 लोगों का किया उपचार

- सैनी समाज ने सेवा संकल्प के साथ मनाया सीएम का जन्मदिन, विशाल स्वास्थ्य शिविर में बांटी मुफ्त दवाइयां

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

रविवार को सैनी क्षत्रिय सभा और समस्त सैनी समाज द्वारा विभिन्न सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रम का आयोजित किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महेंद्रगढ़ के सैनीपुरा स्थित सैनी सभा प्रांगण में सुबह विधि-विधान के साथ हवन-यज्ञ से हुआ। मंत्रोच्चारण के बीच समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री की लंबी उम्र के लिए आहुतियां डाली। इसके पश्चात सभा के सदस्यों ने केक काटकर हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन मनाया। दयानंद सैनी आढ़ती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा प्रधान सुरेश सैनी ने की। विशिष्ट अतिथियों में स्थानीय विधायक कंवर सिंह यादव, नपा चेयरमैन रमेश सैनी और मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन कृष्ण सैनी व नायब तहसीलदार अजय कुमार शामिल हुए। मुख्यमंत्री के जन्मदिन को सेवा संकल्प के रूप में मनाते हुए सभा द्वारा एक विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक चले इस शिविर में लगभग 400 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर की प्रमुख विशेषता यह रही कि यहां परामर्श के साथ-साथ दवाइयां भी मुफ्त वितरित की गई। शिविर में विशेषज्ञ डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. सोनू यादव एम्स, आरएमओ डॉ. अभिषेक सैनी, डॉ. नवीन सैनी, डॉ. मनीषा यादव, डॉ. विक्रांत डागर, डॉ. प्रवेज सिद्दीकी, डॉ. राहुल सैनी, डॉ. भंवर सिंह कसाना, डॉ. अर्जुन शेखावत, डॉ. क्रांति यादव, डॉ. सुमेर सिंह सहित कई अन्य विशेषज्ञ शामिल रहे। विधायक कंवर सिंह यादव और नपा चेयरमैन रमेश सैनी ने संबोधित किया। कार्यक्रम में सभा सचिव होशियार सैनी और मास्टर दिनेश सैनी, उपप्रधान महादेव प्रसाद, कोषाध्यक्ष दुष्यंत सैनी, सहसचिव रामनिवास सैनी, कार्यकारिणी सदस्य लक्ष्मीनारायण, राधेश्याम, संजय व विनोद सैनी का विशेष योगदान रहा। तहसीलदार अजय कुमार, ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य कमल सैनी, डॉ. योगेन्द्र कुमार, व्यापार मंडल के प्रधान सुरेंद्र बंटी, ईश्वर सैनी आढ़ती, पार्षद अशोक सैनी, सीमा सैनी, सुरेन्द्र फौजी, भूमिका वेटनरी कॉलेज के चेयरमैन अजय सिगड़ियि, राधेश्याम सैनी, आचार्य अमर सिंह सोनी, सुनील मिस्त्री, अनुदेशक राकेश सैनी, विनोद सैनी, रमेश नंबरदार, रामिबलास सैनी, रमेश मिस्त्री सहित सर्व समाज के गणमान्य नागरिक कार्यक्रम में मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। विधायक का स्वागत करते समाज के लोग।

**युवाओं को जनसेवा के लिए किया प्रेरित**



नांगल चौधरी। सीएम नायब सिंह सैनी के जन्मदिन पर प्रधान बलबीर सैनी की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं ने हवन का आयोजन किया। जिसमें आहुति डालकर दीर्घायु की मन्नतें मांगी तथा गायों को चारा खिलाकर युवाओं को जनसेवा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गरीबों को उभारने में जुटी है। युवाओं को बिना पर्ची बिना खर्ची रोजगार मिलने से पारदर्शिता को बढ़ावा मिला है। सीएम के जन्मदिन पर सैनी धर्मशाला में हलका स्तरीय हवन का आयोजन किया। इसके बाद अस्पताल में मरीजों को फल वितरित करके उत्तम स्वास्थ्य की मन्नतें मांगी गई। इस मौके पर अशोक सैनी, हरफूल, संदीप सैनी, रामनिवास, मनीष सैनी, बंटी एडवोकेट, महावीर सैनी, राजू किलानिया, पूर्णचंद, महेंद्र सैनी आदि मौजूद रहे।



नारनौल। सीएम के जन्मदिन पर भोजन वितरित करते राकेश शर्मा।

**मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर कराया भोजन**

नारनौल। मुख्यमंत्री नायब सैनी के जन्मदिन पर प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट राकेश शर्मा ने जरूरतमंदों को रोटरी रसोई पर भोजन करवाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की दीवानगी से आम लोग प्रभावित हैं। मुख्यमंत्री गरीब लोगों लिए कार्य कर रहे हैं। विधायक ओमप्रकाश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बिना खर्ची बिना पर्ची के आम लोगों के काम हो रहे हैं। जिला अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव ने कहा कि मुख्यमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में जिले में अनेक कार्यक्रम हुए है। नगर परिषद चेयरमैन कमलेश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी साधारण व्यक्तित्व के धनी है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष हेमंत चौबे, महिला मोर्चा जिला प्रभारी सरोज बाला, मौसम शर्मा, राजू चौधरी, एडवोकेट राकेश यादव, रमेश जांगड़ा, राजू शर्मा, मनोज सोनी, मंजू सोनी, प्रदीप लखेरा, नरेंद्र सोनी, सुरेश गुप्ता, लखन अग्रवाल, मदन गोगिया, जगदीश पासी, कमल गौड़, जोगेंद्र जैदिया आदि मौजूद थे।

**सीएम सैनी के जन्मदिन पर किया हवन**

नारनौल। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जन्मदिवस को सेवा, संस्कार व सामाजिक समर्पण के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन जेपी सैनी के निजी कार्यालय पर रविवार को विधिवत हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों व बुजुर्गों को कंबल वितरित कर सम्मानित किया गया। हवन यज्ञ में सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह, विधायक ओमप्रकाश यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. यतेन्द्र राव, प्रदेश प्रवक्ता राकेश शर्मा, पूर्व चेयरमैन जेपी सैनी सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारीए कार्यकर्ता व जिले की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और पूर्ण आहुति डाली। वृंदावन से पधारे प्रसिद्ध कथावाचक चिराग मुनि ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन यज्ञ संपन्न कराया।



महेंद्रगढ़। परीक्षा में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## हैप्पी में स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रविवार को एडमिशन कम स्कॉलरशिप टेस्ट आयोजित किया गया। इस परीक्षा में क्षेत्र के लगभग सभी स्कूलों से 1747 विद्यार्थियों ने भाग भाग लिया। कार्यक्रम का मंच संचालन विद्यालय के अंग्रेजी भाषाविद् म्यूरिस शर्मा एवं कुलदीप शर्मा द्वारा किया गया। प्रबंधन निर्देशक मनीष अग्रवाल एवं मैनेजर चंचल अग्रवाल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हैप्पी स्कूल स्कॉलरशिप योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए शानदार अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह स्कॉलरशिप परीक्षा योग्य एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर करने का सशक्त माध्यम है, जो उनके उज्ज्वल और सफल भविष्य की नींव रखती है। संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल एवं उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल ने कहा कि स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन पूरी तरह सफल रहा।

**राव नेतराम स्कूल में ट्रैनिंग कार्यक्रम आयोजित**

नारनौल। सीबीएसई की ओर से रविवार को राव नेतराम पब्लिक स्कूल सलीमपुर में इन हाउस टीचर्स ट्रैनिग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विषय वन डे इन हाउस कैपसिटी बिंडिग कार्यक्रम रहा। जिसका शुभारम्भ विद्यालय चेयरमैन सुभाष चन्द्र ने मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्राचार्या अनिता देवी ने बताया कि सीबीएसई की ओर से निर्धारित 25 घंटे का टीचर्स ट्रेनिंग कार्यक्रम अनिवार्य है। ट्रेनिंग की थीम विद्यार्थियों में मानसिक, स्वास्थ्य व कल्याण को बढ़ावा देना है।



नारनौल। प्रशिक्षण कैम्प में मौजूद अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

**आज बिहाली में पहाड़ की तलहटी पर मेला व दंगल**

मंडी अटेली। अटेली क्षेत्र के गांव बिहाली पहाड़ की तलहटी में स्थित हनुमान मंदिर परिसर में बालीवाल प्रतियोगिता का शुभारम्भ सरपंच सीताराम यादव ने रिबन काट कर किया। प्रतियोगिता में दूरदराज गांवों की 20 टीमों ने भाग लिया, जिसमें पहला मुकाबला खोड़ व तुर्कियावास की टीम के बीच हुआ। इस बारे में जानकारी देते हुए सरपंच सीताराम यादव ने बताया कि आज 26 जनवरी को मेले व दंगल में कुश्ती 50 रुपये से 51000 रुपये तक होगी। इसके अलावा बालीबाल प्रतियोगिता में प्रथम टीम को 15000 रुपये, द्वितीय टीम को 7100, तृतीय टीम को 3100 रुपये का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कबड्डी की प्रथम विजेता टीम को 5100 रुपये, द्वितीय टीम को 3100 रुपये तथा तृतीय टीम को 2100 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।



महेंद्रगढ़। परीक्षा में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## सूरज की छात्रवृति परीक्षा में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

सूरज स्कूल में छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया। इसके प्रति विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में भारी उत्साह दिखाई दिया। छात्रवृत्ति परीक्षा में विद्यार्थी वर्तमान में किस कक्षा में है। उसी कक्षा के विभिन्न विषय जैसे गणित, विज्ञान, अंग्रेजी एवं हिंदी से आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए। विद्यार्थी द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर छात्रवृत्ति का प्रतिशत तय किया जाएगा। अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का 100 प्रतिशत तक भी छात्रवृत्ति दी जा सकती है।

निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि छात्रवृत्ति परीक्षा का मुख्य उद्देश्य यह है कि धनाभाव में कोई मेधावी छात्र गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित न रह जाए। यदि विद्यार्थी में योग्यता है तो सूरज स्कूल अपनी ओर से अधिकतम छात्रवृत्ति देकर उसके भविष्य को संवारने व सही मार्गदर्शन देने का कार्य करेगा।

**नहर पर रखी किसानों की तीन मोटरें चोरी, केस दर्ज**

नारनौल। गांव मकसूसपुर में नहर पर सिंचाई के लिए लगाई गई तीन मोटरों को चोरी कर लिया। इससे किसान हैरान एवं परेशान हैं। इस बाबत कुलदीप ने गहली पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज करवाई है, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता कुलदीप ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का कार्य करता है और मकसूसपुर नहर पर पानी की सिंचाई के लिए उसकी दो मोटरें लगी हुई थी। इनमें एक मोटर साढ़े सात हॉर्स पावर तथा दूसरी पांच हॉर्स पावर की थी। जबकि पास ही गांव के ही सुबेसिंह की पांच हॉर्स पावर तथा राजकुमार की 10 हॉर्स पावर की मोटर भी रखी हुई थी। बीती रात को करीब एक बजे के बाद अज्ञात व्यक्ति ने सभी मोटरों को चोरी कर लिया।सुबह जब किसान सिंचाई के लिए नहर पर पहुंचे तो मोटरें गायब थी। चोरी की इस घटना से किसानों में रोष है।

**वार्षिकोत्सव**

### नवज्ञान ज्योति स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न

# होनहार दस वर्ष पुराने छात्रों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नवज्ञान ज्योति पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल मांदी में वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर स्कूल प्रांगण में मां सरस्वती की मूर्ति की स्थापना भी की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की छोटी बहन डा. वंदना शर्मा ने मूर्ति का अनावरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बलजीत यादव ने की। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। अतिथि के रूप में आईसीएस कोचिंग सेंटर सोनीपत के संस्थापक परिमल कुमार, मोटीवेटर बबीता त्यागी, संजय, राजन ले उपस्थित होकर कार्यक्रम में शोभा बढ़ाई। प्रेरक हरियाणवी गायिका बहन रोनी रमन ने भी अपनी प्रस्तुति देकर बच्चों को प्रेरित किया। इस अवसर पर सुभाष चंद्र बोस जयंती होने पर उनको भी नमन किया गया।



नारनौल। मां सरस्वती की प्रतिमा अनावरण अवसर पर मौजूद अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

कार्यक्रम में मोटीवेटर बबीता मैम ने बेहद प्रेरक भाषण देते हुए मौजूद अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को शिक्षित जरूर करें। चाहे रोटी का एक टुकड़ा कम खाना पड़े तो कम खा लें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बल पर आप केवल अपने क्षेत्र ही नहीं, प्रदेश, देश एवं दुनिया में अपना व अपने माता–पिता का नाम रोशन कर सकते हो। उन्होंने पुरुषों से बेटियों की सुरक्षा में आह्वान किया कि वे जिस प्रकार अपनी मां–बहन को इज्जत देते हैं, उसी प्रकार अपनी पत्नी एवं बेटियां का भी सम्मान करें। एक महिला पूरे घर परिवार का माहौल बदल देती है। महिला ही सभ्य बनना और संयमित व्यवहार करना सिखाती है। इस मौके पर एक से बढ़कर एक मोटीवेटर आए हुए थे और उन्होंने स्कूली बच्चों को आसमान छू लेने को प्रेरित किया। कार्यक्रम में गायक राजनारायण द्वारा बोस पर रागिनी प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर स्कूल प्रशासन ने अपने होनहार दस वर्ष पुराने छात्रों को बुलाकर सम्मानित किया तथा क्षेत्र के शहीद परिवारों को बुलाकर उनके माता–पिता या पत्नी को शहीद सम्मान देकर सम्मानित किया गया। अंत में कार्यक्रम में पहुंचे क्षेत्रवासियों को प्रसाद वितरित किया गया। स्कूल चेयरमैन सोमवीर द्वारा आए हुए सभी श्रोताओं तथा अतिथियों का धन्यवाद किया गया।

## नेताजी मेमोरियल क्लब की फुटबॉल प्रतियोगिता में हुए रोमांचक मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

नेताजी मेमोरियल क्लब कनीना के तत्वावधान में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में रविवार को भी दर्शकों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों की करीब 30 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए एआइटी एजुकुशेन के डायरेक्टर एडवोकेट विनय यादव ने बताया कि प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए खिलाड़ियों के ठहरने व खाने-पीने की समुचित व्यवस्था क्लब की ओर से की गई है।

रविवार को खेले गए दूसरे मुकाबले में नाइजीरिया व ब्रदर्स टीम कोटा, आमने-सामने रहीं, जिसमें नाइजीरिया 2-0 से जीत दर्ज की।



कनीना। प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

अगले मुकाबले में डीएफसी धन्नौदा और चरखी के बीच मैच खेला गया, जिसमें डीएफसी धनौंदा ने 1-0 से जीत हासिल की।

तीसरे मुकाबले में एसए व उन्हानी के बीच हुआ, जिसमें उन्हानी ने 4-1 से बाजी मारी। चौथे मुकाबले में आकाश पॉलिटेक्निक कॉलेज कनीना और आर्मी हिसार टीम आमने-सामने रहीं, जिसमें आकाश पॉलिटेक्निक टीम ने 3-0 से जीत दर्ज की। एडवोकेट विनय यादव ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावनाओं से खेलना चाहिए, जीतने वाली टीम को कभी भी घमंड नहीं करना चाहिए और हारने वाली टीम को कभी भी निराश नहीं होना चाहिए।